29-08-2025

जागरण झाँसी

15
झाँसी, 29 अगस्त, 2025




झाँसी : अतिथियों का स्वागत करते अधिकारी व अन्य।

# पीके विश्वविद्यालय के मेगा प्लेसमेण्ट ड्राइव में शामिल हुए 198 विद्यार्थी

**जागरण एजुकेशन पॉइण्ट**

**झाँसी** : पीके विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा के निर्देश पर विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मेगा प्लेसमेण्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। छात्रों को प्रतिष्ठित कम्पनि के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया। इसमें 108 विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य अतिथि उज्जैन की विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो. अखिलेश पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि पीके विश्वविद्यालय से पवन कुमार शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा, बलवीर, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकैडमिक डॉ. ऐमन फातिमा, डॉ. विवेक गुप्ता व फार्मा, बैंकिंग, फाइनैन्स, कम्प्यूटर व अन्य विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनि के एचआर प्रतिनिधि उपस्थित रहे। छात्रों के ऑन स्पॉट पंजीकरण किए गए। कम्पनि की प्रस्तुति और प्री-प्लेसमेण्ट टॉक हुई। डीन स्टूडेण्ट वेलफेयर प्रो. महालक्ष्मी जोहरी ने आभार व्यक्त किया।

# P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)

**media coverage**

# पी० के० विश्वविद्यालय में निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

शिवपुरी (म०प्र०), 28 अगस्त 2025 । पी० के० विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति जे० पी० शर्मा जी के निर्देशानुसार, दिनांक 28 अगस्त 2025 (गुरुवार) को विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ (ज्तंपदपदह – च्सेबमउमदज ब्मसस) के द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करना था। इस निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 108 विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन की विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो० (डॉ०) अखिलेश पाण्डेय जी एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डॉ० विवेक गुप्ता व फार्मा, बैंकिंग, फाइनेंस, कम्प्यूटर व अन्य विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियों के एचआर प्रतिनिधि उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों के ऑन–स्पॉट पंजीकरण के साथ हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के बाद, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर श्री नीरज गौड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उज्जैन की विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) अखिलेश पाण्डेय जी द्वारा मुख्य संबोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी




कम्पनी में चयनित होने पर अपनी कार्य संस्कृति को बनाकर रखना चाहिए, जिससे उनके स्वयं के व्यक्तित्व का तो सकारात्मक परिचय मिलता है साथ ही उनके शैक्षणिक संस्थान की भी सकारात्मक छवि प्रदर्शित होती है । उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने आत्मविश्वास को मजबूत करते हुए कम्पनी के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे तो अपने कार्यक्षेत्र में भी सफल रहेंगे ।

पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय इस तरह के आयोजनों के माध्यम से छात्रों के करियर को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह मेगा प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को शिक्षा के साथ–साथ रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय और प्रभावशाली पहल रही।

जिसके बाद कंपनी की प्रस्तुति और प्री–प्लेसमेंट टॉक हुई। जिसके बाद तकनीकी और गैर–तकनीकी पदों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार हुए । इस ड्राइव में आईटीआई, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान और अन्य संबंधित कोर्स के विद्यार्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इस आयोजन से विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों एवं आस–पास के अन्य कॉलेज व क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को उनके सपनों की नौकरी प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर मिला है । विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक और सशक्त कदम सिद्ध हुआ।

इस सफल आयोजन के लिए पी०के० विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

अंत में, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की घोषणा की गई और पी० के० विश्वविद्यालय डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जोहरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

29-08-2025

दैनिक पालिग्राफ
हर समय आपकी खबर

P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)

media coverage

बिजनेस न्यूज

# प्लेसमेंट ड्राइव में 108 विद्यार्थियों को मिला कंपनियों से जुड़ने का अवसर




**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 108 विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन की विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी कम्पनी में चयनित होने पर अपनी कार्य संस्कृति को बनाकर रखना चाहिए, जिससे उनके स्वयं के व्यक्तित्व का तो सकारात्मक परिचय मिलता है, साथ ही उनके शैक्षणिक संस्थान की भी सकारात्मक छवि प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने आत्मविश्वास को मजबूत करते हुए कम्पनी के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगें, तो अपने कार्यक्षेत्र में भी सफल रहेंगें। इसके बाद कंपनी की प्रस्तुति और प्री प्लेसमेंट टॉक हुई एवं तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार हुए । इस ड्राइव में आईटीआई, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान और अन्य संबंधित कोर्स के विद्यार्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। अंत में शॉर्टलिस्ट किए उम्मीदवारों की घोषणा की गई और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो महालक्ष्मी जोहरी ने आभार व्यक्त किया।

29-08-2025

पत्रिका

# पीके विश्वविद्यालय में रोजगार के नए क्षितिज

## निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़

स्वदेश समाचार ■ झांसी







शिक्षा और रोजगार के बीच सेतु बनाने का कार्य गुरुवार को पीके विश्वविद्यालय ने बखूबी निभाया। विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों और 108 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलगुरु प्रो डॉ. अखिलेश पांडेय ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जिस भी संस्था में कार्यरत हों, वहां अपनी कार्यसंस्कृति और आत्मविश्वास को सर्वोपरि रखें। यही गुण उनके व्यक्तित्व का उजला पक्ष प्रदर्शित करेंगे और साथ ही उनके शिक्षण संस्थान की गरिमा को भी बढ़ाएंगे।

### कंपनियों ने दिए रोजगार अवसर

फार्मा, बैंकिंग, फाइनेंस, कृषि, प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान और वाणिज्य क्षेत्र की नामी कंपनियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। प्री-प्लेसमेंट टॉक और कंपनी प्रेजेंटेशन के बाद तकनीकी व गैर-तकनीकी पदों के लिए साक्षात्कार संपन्न हुए। दर्जनों विद्यार्थियों का चयन हुआ और कई को शॉर्टलिस्ट कर आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा ने कहा कि यह ड्राइव युवाओं को शिक्षा के साथ रोजगार दिलाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा पीके विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह मेगा प्लेसमेंट ड्राइव उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम के अंत में शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की घोषणा की गई। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जोहरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य की राह खोलने वाला साबित होगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारी और सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूरा वातावरण उम्मीद और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया।

29-08-2025

स्वदेश